E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/1048/2026 दिनांकः 24/07/2026

## संशोधित कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा आदेशानुसार समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि पूर्व में निर्गत विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप सं0–सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/1025/2026 दिनांक 17.07.2026 द्वारा साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों (सहायक आचार्य/सह आचार्य/आचार्य) की सूची संलग्न करते हुए कार्यालय ज्ञाप जारी किया गया था, जिसमें समस्त विषयों का उल्लेख नहीं था और सतत शिक्षा एवं प्रसार विषय की सूची भी संलग्न नहीं थी। सतत शिक्षा एवं प्रसार विषय की सूची दिनांक 23.07.2026 को वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है।

अतः दिनांक 23.07.2026 को सतत शिक्षा एवं प्रसार विषय की सूची जारी होने के उपरांत पूर्व निर्गत कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17.07.2026 में अंकित विषयों (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, पत्रकारिता एवं जनसंचार, अर्थशास्त्र, हिन्दी, पेंटिंग, फार्मेसी एवं योगा) के स्थान पर अर्थशास्त्र, अंग्रेजी तथा आधुनिक यूरोपीय एवं अन्य विदेशीय भाषाएँ, गणित, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पेंटिंग (Painting/ Sculpture/Applied Art), फॉर्मेसी, बायोटेक्नोलॉजी, भौतिक विज्ञान, मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, योगा, रसायन विज्ञान, व्यवसाय प्रशासन, शिक्षा विज्ञान (शिक्षा प्रशिक्षण), सतत शिक्षा एवं प्रसार तथा हिन्दी को पढ़ा जाए।

यह भी सूच्य है कि दिनांक 17.07.2026 व दिनांक 23.07.2026 को वेबसाइट पर अपलोड अर्ह अभ्यर्थियों की सूची में कोई परिवर्तन नहीं है।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner